छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल

मुख्यालय, पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक सेक्टर-19, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.)
Ph.No.-0771-2512141, Email Id:-aocsbajwa@yahoo.in, Website:-www.cghb.gov.in

!! आदेश !!

क्रमांक.....11...../2019
दिनांक 25/07/2019

विषयः- मण्डल हितग्राहियों की सुविधा हेतु डिजिटल पेमेंट प्रारंभ/लागू करने बाबत्।

--- 000 ---

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा वृहद स्तर पर पूर्ण प्रदेश में विभिन्न योजनांतर्गत आवासीय भवनों का निर्माण किया गया है तथा किया जा रहा है। हितग्राहियों की सुविधा तथा मण्डल एवं हितग्राहियों के मध्य पारदर्शिता स्थापित करने एवं ई-गर्वनेंस के तहत् मण्डल कम्प्यूटराईजेशन का कार्य संपादित किया जा रहा है।

मण्डल में अनेक हितग्राही/आबंटी ऐसे है जिन्होने भवन राजधानी या अन्य शहरों में क्रय किया है किन्तु उनका निवास अन्य शहर/राज्य में होने के कारण पंजीयन/किश्त/विभिन्न शुल्क एवं कर आदि की राशि जमा करने में समस्या होती है, क्योकि वर्तमान समय में मण्डल द्वारा आनलाईन पेमेंट/ई-पेमेंट की सुविधा हितग्राहियों के लिए उपलब्ध नही है। उक्त सुविधा को चालू/प्रारंभ करने हेतु दिनांक 29.06.2019 को मण्डल मुख्यालय में बैंको के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें मण्डल अधिकारियों के अलावा इलाहाबाद बैंक तथा पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक भी उपस्थित रहे। उक्त बैठक में ई-पेंमेट का कार्य मण्डल में शीघ्र प्रारंभ किए जाने हेतु प्रक्रिया पर विचार किया गया।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल के 59वॉ मण्डल सम्मिलन दिनांक 08.07.2019 के एजेण्डा क्रमांक 26 पर पारित संकल्प क्रमांक 1749/26/59/07/2019 में संचालक मंडल द्वारा दीर्घ विचार-विमर्श उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मण्डल हितग्राहियों की सुविधा हेतु ऑनलाईन (डिजिटल) पेंमेंट प्रारंभ/लागू करने बाबत् बैंको से नवीन ऑफर प्राप्त करके ऑनलाईन भुगतान संबंधी प्रकिया प्रारंभ किये जाने तथा मण्डल द्वारा बैंक तथा एग्रीग्रेटर (सर्विस प्रोवाईडर) से एमओयू किए जाने प्रस्तुत प्रस्ताव का अनुमोदन कर नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में लागू प्रावधान का अध्ययन करने के पश्चात् कार्यवाही की जावें, तथा अन्य सभी प्रकार के आवश्यक निर्णय एवं कार्यवाही हेतु आयुक्त को अधिकृत किया गया।

(आदेशानुसार)

मुख्य संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, पर्यावास भवन, नवा रायपुर
अटल नगर जिला-रायपर (छ.ग.)

Credible Chhattisgarh

पृ.क्र.1373/स.प्र.शा./मु.सं.अ./मुख्या/फा.नं.- /19 नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 26/04/2019

प्रतिलिपिः-

1. स्टॉफ ऑफिसर, माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)।
2. स्टॉफ ऑफिसर, आयुक्त महोदया, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)।
3. मण्डल सचिवालय, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)।
4. अपर आयुक्त,(जे/व्ही/पी) छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)।
5. मुख्य लेखा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)।
6. प्रशासकीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)।
7. उपायुक्त, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-रायपुर/वृत्त-नवा रायपुर/दुर्ग/बिलासपुर/अंबिकापुर।
8. संपदा अधिकारी/लेखा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)।
9. कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय शंकर नगर रायपुर।
10. कार्यपालन अभियंता, छत्तीसगढ़ गृह. निर्माण मण्डल संभाग-01,02,03,04 रायपुर/राज. परि.संभाग-1,2,रायपुर/संभाग-दुर्ग/राजनांदगांव/बिलासपुर/कोरबा/रायगढ/धमतरी/कवर्धा/महासमुन्द/जगदलपुर/कोण्डागांव/अंबिकापुर/विद्युत संभाग 01 नया रायपुर/विद्युत संभाग 02 रायपुर/विद्युत संभाग-03 बिलासपुर।
11. संपदा अधिकारी, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01/02/03,04,05 रायपुर/दुर्ग/राजनांदगांव/कवर्धा /बिलासपुर/रायगढ़/कोरबा/अंबिकापुर/कोण्डागांव/जगदलपुर/धमतरी/महासमुन्द/की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
12. आई.टी.शाखा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, मुख्यालय पर्यावास भवन, नवा रायपुर, अटल नगर जिला-रायपुर छ.ग.।
13. आदेश नस्ती/गार्ड फाईल।

(आदेशानुसार)

मुख्य संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
मुख्यालय, पर्यावास भवन, नवा रायपुर
अटल नगर जिला-रायपुर (छ.ग.)